गुरु रविदास जयंती पर कलश वंदन यात्रा कल

पावटा। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान के तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पवित्र रज कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 11 जुलाई 2026 को यात्रा विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, मैड़ से होगा। इसके बाद 11 बजे पंचवटी आश्रम, विराटनगर, दोपहर 1 बजे शिव मंदिर, पंचायत के सामने, ढाणी गैसकान, दोपहर 3 बजे केशव सागर धर्मशाला मंदिर, सुभाष चौक, पावटा तथा शाम 5 बजे वाल्मीकि मंदिर, प्रागपुरा में कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। संत गुरु रविदास महाराज के सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

भूपेन्द्र यादव ने अलवर में अमित शाह के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कलक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 16 अगस्त को अलवर में प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम एवं सभा स्थल की तैयारियों के संबंध समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जल संसाधन विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा भी मौजूद रहे।

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 अगस्त को अलवर दौरे पर रहकर विजय नगर मैदान में सभा करेंगे तथा इस दौरान 3 लाख लीटर क्षमता के सरस डेयरी प्लांट के शिलान्यास व राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 38 सीएचएस भवन सहित लगभग 700

मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम एवं सभा स्थल की तैयारियों के संबंध समीक्षा बैठक ली।

करोड रूपये एवं कोटपूतली-बहरोड व खैरथल-तिजारा सहित 1100 करोड रूपये तथा राजस्थान के लिए 5 हजार करोड रूपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही रोजगार मेले का आयोजन होगा तथा महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोडने के लिए बुकलेट का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने सभा स्थल की तैयारियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभा स्थल पर बडी संख्या में किसान एवं आमजन की मौजूदगी रहेगी इसको दृष्टिगत रखते हुए यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यक्रम स्थल पर

- **मंत्री अमित शाह 16 अगस्त को अलवर दौरे पर रहकर विजय नगर मैदान में सभा करेंगे**

पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहे तथा यातायात प्रभावित ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए उचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर छाया, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्यक्रम से पूर्व ही तैयारी कर पूर्ण लेवे तथा सुनिश्चित करें कि सभा स्थल की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था रहे तथा कार्यक्रम स्थल के पास पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, मेडिकल टीम, सीसीटीवी, चल शौचालयों आदि की माकूल व्यवस्था रहे।

बैठक में केंद्रीय वन मंत्री ने डेयरी एवं राजीविकास समूह की महिलाओं के प्रतिनिधियों से संवाद किया, जिस पर प्रतिनिधियों ने कहा कि डेयरी में 3 लाख लीटर क्षमता के नवीन दुग्ध संयंत्र से किसानों व पशुपालकों एवं राजीविका महिला समूह की प्रतिनिधियों ने 38 सीएचएस भवन के शिलान्यास कार्यक्रम पर खुशी जाहिर करते हुए की इससे आजीविका में वृद्धि होगी तथा उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभा कार्यक्रम में बडी संख्या में किसान, पशुपालक एवं महिलाएं भाग लेंगी।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय वन मंत्री को अवगत कराया कि गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री के सभा कार्यक्रम हेतु संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, जिनकी आपसी समन्य के साथ अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराई जाएगी।

आदिवासी दिवस : संस्कृति व परंपराओं की झलक दिखी

चंदवाजी। रविवार को विश्व आदिवासी दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने डीजे के साथ रैली के रूप में भाग लिया। समारोह के दौरान पारंपरिक लोक नृत्यों,गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा और मीन भगवान के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं पारंपरिक पूजा-अर्चना और प्रकृति वंदना के साथ हुआ। आदिवासी समाज के बुजुर्गों ने समाज की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और पर्यावरण संरक्षण के लिए पारंपरिक रीति-रिवाजों से प्रार्थना की। समारोह में आदिवासी संस्कृति का अनूठा रूप देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों और बुजुर्गों ने वृक्ष की छाल लपेटकर हाथों में तीर कमान,भाले और हल लेकर ढोल, मांदल और चंग की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत किए।

इस दौरान विभिन्न गांवों से आए दलों आदिवासी संस्कृति के अनुरूप झांकियां सजाई गई जिसमें पारंपरिक तीर कमान भाले हल आदि का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समुदाय में शिक्षा के प्रसार और विशेषकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाने पर सबसे ज्यादा जोर दिया। इसके साथ ही समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों और नशाखोरी को दूर करने का संकल्प लिया गया। योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महादेव प्रसाद मीना नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष मीना सेवा संघ सत्यप्रकाश मीना आमेर इकाई अध्यक्ष लाल चंद मीना चंदवाजी भगवान सहाय मीना चितानु पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिल मीना पूर्व इकाई अध्यक्ष, विनोद मीणा , लक्ष्मीनारायण मौर्य आदि उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के दौरे को लेकर कोटपूतली में आक्रोश

कोटपूतली। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद अरावली पर्वत श्रृंखला की जमीनी हकीकत जांचने निकली हाई लेवल कमेटी के दौरे को लेकर कोटपूतली क्षेत्र में भारी आक्रोश और निराशा का माहौल है। दौरे से ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों को उम्मीद थी कि कमेटी उनकी सुध लेने आयेगी, लेकिन आरोप है कि जमीनी स्तर पर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बजाय कमेटी केवल 'चोटियां जोन' पहुँचकर औपचारिकता निभा गई और सीधे आगे के लिए रवाना हो गई।

जोधपुरा क्षेत्र में अरावली संरक्षण को लेकर जोधपुरा संघर्ष समिति का आंदोलन पिछले 1340 दिनों से लगातार जारी है। समिति के सचिव कैलाश यादव व दिल्ली से आई सामाजिक कार्यकर्ता नीलम आहुवालिया ने बताया कि धरना स्थल

- **होटल में नाश्ता कर लौटी टीम, 'कागजी खानापूर्ति' का आरोप, क्षेत्र के ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में निराशा**

और आसपास के गाँवों के करीब 200 से 250 ग्रामीण इस उम्मीद में सुबह से पलकें बिछाए बैठे थे कि कमेटी सीधे उनसे संवाद करेगी। ग्रामीणों का मानना था कि कमेटी के आने से यहाँ हो रहे कथित अवैध खनन, अवैध क्रशरों के संचालन और धड़ल्ले से हो रही अवैध ब्लास्टिंग का सच देश के सामने आयेगा। जोधपुरा संघर्ष समिति ने प्रशासन और खनन माफियाओं पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार हाई लेवल कमेटी प्रभावित गाँवों के बीच जाने के बजाय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में रुकी। वहाँ नाश्ता-पानी करने के बाद टीम बिना किसी पीड़ित ग्रामीण से मिले सीधे आगे की ओर बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने असल हकीकत छिपाने के लिए कमेटी को प्रभावित क्षेत्रों से दूर रखा। यदि कमेटी यहाँ आती तो प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े होते।

क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की खनन गतिविधियों के चलते केवल एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों गाँव सीधे तौर पर प्रभावित हैं। इनमें जोधपुरा, कुजोता, अजीतपुरा, भैंसलाना, पवाना अहीर, बेरीबांध, मीरापुर, बुचारा बांध, जीणगौर, पिचाणी, शुक्लावास, कांसली आदि गाँव शामिल हैं जो वर्षों से इस संकट को झेल रहे हैं। संघर्ष समिति के मुताबिक कुजोता क्षेत्र में जहाँ भारी खनन गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं, वहाँ पहाड़ी की ऊँचाई 100 मीटर से भी अधिक है। यह पहाड़ी कुजोता से लेकर कांसली सीमा तक लगभग 4 किलोमीटर की लंबाई में फैली हुई है। समिति का दावा है कि यह पूरा हिस्सा अरावली पर्वत श्रृंखला का एक अभिन्न अंग है और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के तहत इसका मौके पर गहन भौतिक निरीक्षण होना बेहद आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ता राधेष्याम शुक्लावास, पर्यावरण प्रेमियों व संघर्ष समिति ने सुप्रीम कोर्ट और हाई लेवल कमेटी से माँग की है कि कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र के लिए एक बार फिर से नए सिरे से दौरे का समय निर्धारित किया जाए।

शाहपुरा में सत्संग भजन प्रोग्राम आयोजित

शाहपुरा। राजपुरा में स्थित शनि महाराज मंदिर का वार्षिक पाटोत्सव परमानंद धाम खोरी के महन्त हरिओम दासजी महाराज व मन्दिर के पुजारी मंगल दासजी के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महन्त हरिओम दासजी ने महाराज के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद मंत्र उच्चारण के द्वारा पं. आशु शर्मा के द्वारा पंचामृत स्नान करवाया गया। इस दौरान संगीतमय रामधुनी एवं सत्संग भजन का प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें प्रसिद्ध हास्य कवि व गायक कलाकार कलाकार विनोद कुमार शर्मा एंड पार्टी के द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में शाहपुर नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रविश खटाणा सहित कई राजनेता भी पधारे। मंदिर के महंत मंगल दासजी महाराज ने अभिषेक करवाया तथा पूजा की। श्रद्धालुओं ने खीर पुरी की पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर सुरेंद्र जांगिड़, राजकुमार शर्मा, अनिल, शिवराम बाडीगर, मदन यादव, मदन जाट, सीताराम बुनकर, कमलेश यादव, धर्मेंद्र शर्मा, चंदा यादव, ओम प्रकाश सैनी, मूनीर खान, कैलाश यादव, सीताराम जांगिड़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

चौमूं में तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में खादी बाग रोड स्थित भाजपा कार्यालय चौमूं पर पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के सफल संचालन और आगामी नगर परिषद चुनाव 2026 की तैयारियों एवं रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

- **शहर में 13 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा।**

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूं में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक के रूप में 13 अगस्त 2026 को चौमूं में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गढ़ गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष सर्किल तक पहुंचेगी, जिसमें शहरवासी और कार्यकर्ता देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। बैठक के दौरान आगामी नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ गहन मंथन किया गया। रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए उन्हें चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आव्हान किया। साथ ही, तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन तथा आगामी चुनावों के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियों और प्रभारों का आवंटन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, तिरंगा यात्रा के संयोजक अरविंद यादव, सहसंयोजक विजय सैनी, गुलाब लांबा, मोहनलाल सैनी, पार्षद संदीप शर्मा, बाबूलाल यादव, अनिता कुमावत, गजेंद्र यादव, सुनील अग्रवाल, मातादीन अग्रवाल, किशोर गंगवाल, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद अनिल मीणा, मुकेश सैनी जनरल फुटवियर अध्यक्ष पवन सैनी, मेहुल अग्रवाल, मनीष गोयल, धर्मेंद्र बंजारा, संदीप कुमावत, बजरंग कुमावत, चेतन सैनी, अर्पित सैनी, आलोक जांगिड़, बलदेव, मनोज कुमावत सहित भाजपा नगर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

पावटा में जाम से लोग परेशान, सड़कों पर घंटों फंसे वाहन

पावटा। सावन माह में कांवड़ यात्रा के चलते क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर लग रहे जाम के कारण आमजन के साथ-साथ कांवड़ लेकर गुजर रहे शिवभक्तों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पावटा क्षेत्र में दिनभर वाहनों का दबाव बना रहने से कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था चरमराती नजर आई। जाम में वाहन चालक घंटों फंसे रहे। वहीं कांवड़ लेकर पैदल चल रहे शिवभक्तों को भी भारी यातायात के बीच रास्ता तय करना पड़ रहा है। इससे हादसे की आशंका भी बनी हुई है। कांवड़ यात्रा को लेकर नहीं दिखी विशेष यातायात व्यवस्था

सावन में हर साल बड़ी संख्या में कांवड़िए क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। इसके बावजूद कांवड़ियों के लिए अलग मार्ग, यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब कांवड़ यात्रा का समय पहले से निर्धारित है तो प्रशासन ने यातायात

- **कांवड़ियों को भी उठानी पड़ रही परेशानी-यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल**

व्यवस्था को लेकर पहले से ठोस प्लानिंग क्यों नहीं की। लगातार लग रहे जाम के कारण स्थानीय लोगों, व्यापारियों, दुपहिया वाहन चालकों और बाहर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहनों के भी जाम में फंसने की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासन को प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात करने, यातायात को व्यवस्थित करने और कांवड़ियों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

आमजन ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को तत्काल प्रभावी बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ आमजन की परेशानी का भी समाधान हो सके।

पीएम के लोकार्पण के बाद भी खैरथल स्टेशन का प्रतीक्षालय यात्रियों को समर्पित नहीं

खैरथल। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 13 करोड़ खर्च कर सजाया-संवारा गया खैरथल रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए अब भी अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को वर्चुअल लोकार्पण कर इसे खैरथल की जनता को समर्पित किया था, लेकिन लोकार्पण के 22 दिन बाद भी स्टेशन पर बना आधुनिक प्रतीक्षालय बंद पड़ा है। यात्री अभी बाहर बैठने को मजबूर हैं, जबकि अंदर लगे महंगे फर्नीचर और सुविधाएं शोपीस बनी है।

अमृत भारत योजना के तहत खैरथल स्टेशन का करीब 13 करोड़ खर्च कर कायाकल्प किया गया। नए भवन, प्लेटफॉर्म सुधार और यात्रियों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय बनाया गया। भव्य बनाएं गए स्टेशन का 17 जुलाई को हुए भव्य लोकार्पण समारोह में अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय भाजपा नेता सहित बड़ी संख्या लोगों मौजूद रहे। इन सब की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया था। लेकिन प्रधानमंत्री के लोकार्पण के

- **लोकार्पण के 22 दिन बाद भी स्टेशन पर बना आधुनिक प्रतीक्षालय बंद पड़ा है। यात्री अभी बाहर बैठने को मजबूर हैं**

22 दिन बाद भी आज जमीनी हकीकत कुछ और है। स्टेशन परिसर में बनाया गया नया आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय अभी तक आम यात्रियों के लिए नहीं खुल सका है जो विभाग की ढिलाई को बयां करता है। स्टेशन पहुंचे संवाददाता ने जब प्रतीक्षालय बंद देखा और वहां स्टाल पर खड़े मालिक से मालूम किया तो बताया गया कि बंद ही रहता है। हकीकत जानने के लिए संवाददाता स्टेशन अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहां अघीक्षक नहीं थें वहां बैठे कर्मचारी ने बताया अभी कुछ काम से गए हैं। उन से जब बंद प्रतीक्षालय को लेकर पूछा गया तो बताया अभी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी होने पर खोल दिया जाएगा।

वन राज्यमंत्री ने अलवर चिकित्सालय में दो दवा वितरण केंद्रों का उद्घाटन किया

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को सामान्य चिकित्सालय अलवर में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत दो दवा वितरण केंद्रों का उद्घाटन किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित सामान्य चिकित्सालय में अलवर जिले ही नहीं वरन आसपास के राज्य के लोग अपना इलाज कराने आते हैं।

मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत शुरू किए गए दो दवा वितरण केंद्रों से मरीजों को दवा उपलब्ध होने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु निरन्तर काम कर रही है।

मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया हो सके इसके लिए मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ किया जा रहा है। वहीं निःशुल्क दवा एवं जांच

राज्यमंत्री संजय शर्मा ने चिकित्सालय अलवर में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत दो दवा वितरण केंद्रों का उद्घाटन किया।

योजना के लाभ के साथ-साथ मरीजों को गंभीर बीमारियों में चिकित्सकीय खर्च से राहत प्रदान करने हेतु आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

- **मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया हो सके इसके लिए मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ किया जा रहा**

इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री ने सामान्य चिकित्सालय परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पौधे लगाने का यह सबसे उपयुक्त समय है। अतः प्रत्येक व्यक्ति धरती मां के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हुए ना केवल पौधा लगाए, बल्कि उसकी सार संभाल भी करें। आने वाले समय में यह पौधों बडा होकर पेड का रूप लेगा जिससे आने वाली पीढियों को शुद्ध हवा व स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

सार-समाचार

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी का आयोजन

कोटपूतली। रविवार को जिला स्तरीय 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित प्रभात फेरी का आयोजन जिला स्तर पर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित जिले में विभिन्न स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। प्रभात फेरी में सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, स्काउट के विद्यार्थियों, पुलिस कार्मिकों एवं नगर परिषद तथा शिक्षा विभाग के अध्यापकों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान को केवल तिरंगा फहराने तक सीमित न रखते हुए इसे व्यापक जन-जागरूकता अभियान का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हान करते हुए कहा कि सामूहिक भागीदारी से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपने घरों, वाहनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

रक्तदान महादान ही नहीं बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा : अखिलेश माथुर

सांभरझील, (निसं)। यहां श्याम प्रेम मंडल समिति के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज के जनरल सेक्रेटरी अखिलेश माथुर ने मां शाकंभरी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान ही नहीं बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि जब दुर्घटना में घायल, किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज, प्रसूता अथवा किसी मासूम बच्चों के लिए यह जीवन की आखिरी उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान के संबंध में फैली भ्रांतियां को पूरी तरह से समाप्त किए जाने की जरूरत है ताकि लोगों का रक्तदान करने की प्रति जो डर अभी भी कायम है उसे दूर किया जा सके व समाज में एक नई चेतना जागृत हो सके। शिविर के दौरान 174 जनों रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वालों को समिति किसी तरफ से प्रशस्ति पत्र दिए गए तथा माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन भी किया तथा अपेक्षा कि गई भविष्य में भी इसी प्रकार का योगदान कर समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बने। इस मौके पर समिति के अशोक कयाल ने उन सभी लोगों के प्रति अपना आभार जताया जिन्होंने रक्तदान शिविर में अपना हर संभव योगदान दिया।

अलवर में हर घर तिरंगा थीम पर तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन

अलवर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ पर जिले में 17 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रातः इंदिरा गांधी स्टेडियम से अमर जवान ज्योति स्मारक तक हर घर तिरंगा थीम पर तिरंगा प्रभात फेरी आयोजित की गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि तिरंगा प्रभात फेरी में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी व कार्मिक,युवा, स्टूडेंट्स व बड़ी संख्या में आमजन ने बढचढकर उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाकर देशप्रेम का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत17 अगस्त तक देश की आजादी के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है जिसमें विद्यालयों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों आदि में आमजन के सहभागिता से तिरंगा रैली, निबंध, चित्रकला, रंगोली इत्यादि गतिविधियां आयोजित कर देशभक्ति व एकता का संदेश दिया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के समस्त उपखण्ड, नगरीय निकाय, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत पर भी प्रभात फेरी का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं एवं आमजन ने भाग लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से वातारण गुंजायमान कर दिया।

जलभराव की समस्या को लेकर भरतपुर विधायक को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निसं)। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो के प्रतिनिधि मंडल ने भरतपुर विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग से मिलकर के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के निदान के लिए ज्ञापन दिया। भरतपुर विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग से मिलकर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगो ने मिलकर शिष्टाचार भेंट की व हाल ही में हुई बरसात के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हुई जलभराव की समस्या के निदान के लिए ज्ञापन दिया। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने जल्द से जल्द समस्या के निदान का आश्वासन दिया ।

मंत्री रावत ने शाह के प्रस्तावित सभा स्थल का भूमि पूजन किया

अलवर। जल संसाधन विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज विजय नगर मैदान में पहुंचकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित सभा स्थल के सफल आयोजन हेतु विधि विधान के साथ भूमि पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।